## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

- Recruitment
- Property
- Business Opportunity
- Vehicles
- Announcements
- Antiques & Collectables
- Barter
- Books
- Computers
- Domain Names
- Education
- Miscellaneous
- Entertainment & Event
- Hobbies & Interests
- Services
- Jewellery & Watches
- Music
- Obituary
- Pets & Animals
- Retail
- Sales & Bargains
- Health & Sports
- Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# मल्टी नेशनल कंपनियों के खिलाफ केमिस्ट व्यापारियों ने बुलंद की आवाज

**जिम्मेदार कौन**

## केमिस्ट व्यापारियों के व्यापार पर भारी संकट

**संवाददाता**

देहरादून। मल्टी नेशनल कंपनियों के खिलाफ देहरादून के केमिस्ट व्यापारियों ने शुक्रवार को अपनी दुकानें बंद रखीं। इस दौरान उन्होंने कांवली रोड पर एकत्रित होकर रिलायंस मार्ट के सामने प्रदर्शन भी किया। केमिस्ट व्यापारियों द्वारा रिलायंस स्मार्ट और अन्य ऑनलाइन कंपनी स्टोर के खिलाफ भारी रोष प्रकट किया गया। वहीं इन दुकानों के बंद होने से लोगों ने परेशानी का सामना भी किया।

रिटेल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष नवनीत मल्होत्रा और मनीष नन्दा ने कहा कि यह बड़े ऑनलाइन स्टोर डिस्काउंट का प्रलोभन देकर दवाई उपलब्ध करवा रहे हैं, जिस कारण सभी केमिस्ट व्यापारियों के व्यापार पर भारी संकट आ गया है। यह ऑनलाइन स्टोर लोकल व्यापारियों को खत्म करने का बीड़ा




उठा रखे हैं । केमिस्ट व्यापारियों के इस आंदोलन को दून उद्योग व्यापार मंडल ने भी समर्थन दिया है। दून व्यापार मंडल के वक्ताओं ने कहा कि मल्टीनेशनल कंपनियां अनैतिक तरीके से व्यापार कर रही हैं।

दून उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपिन नागलिया व कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि दून के छोटे व मंझले व्यापारियों को बड़ी कंपनियां ऑनलाइन व्यापार कर नुकसान पहुंचा रही हैं। अब रिलायंस स्मार्ट मेगा स्टोर के अंदर ही केमिस्ट की दुकान भी खोल दी गई है।

केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर ऐसे ही चलता रहा तो उनकी दुकान ही बंद होने की नौबत आ जाएगी। रिटेल केमिस्ट एसोसिएशन के महासचिव पंकज मित्तल ने कहा कि यदि यह ऑनलाइन कंपनी स्टोर बंद न हुए तो सभी केमिस्ट शीघ्र ही ऐसे स्टोर पर जाकर प्रदर्शन करेंगे और उनका जमकर विरोध करेंगे।

होलसेल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव तनेजा ने बताया की एसोसिएशन द्वारा ड्रग कंट्रोलर के उच्च अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया है और ऑनलाइन व्यापार पर तुरंत रोक लगाने की मांग की गई है ऐसा न होने पर सभी केमिस्ट व्यापारी बड़ा आंदोलन करने और आर–पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। बंद के को–ऑडिनेटर पीयूष मौर्य ने बताया कि केमिस्ट व्यापारियों के बंद को शांतिपूर्ण ढंग से सफल बनाया जाएगा। पूरे शहर को छह जोन में बांटा गया है और प्रत्येक जोन में पांच से सात जिम्मेदार व्यापारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## न्यूज डायरी

### जिला मुख्यालय में मजदूरों ने किया प्रदर्शन

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। संविदा श्रमिक संघ संबद्ध (सीटू) के मजदूरों ने रेलवे की कार्यदायी संस्था मेगा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के खिलाफ जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। शुक्रवार को सुमेरपुर, नरकोटा और नगरासू में कार्य कर रहे मजदूर संगम स्थल पर एकत्रित हुए। इसके बाद मजदूरों ने केंद्र सरकार की ओर से घोषित मानदेय न मिलने को लेकर संगम स्थल से मुख्य बाजार होते हुए रुद्रा कांपलेक्स तक प्रदर्शन कर नारेबाजी की। अखिल भारतीय किसान सभा और सीटू के नेतृत्व में मजदूरों ने सरकार, प्रशासन, रेलवे और मेगा कंपनी के खिलाफ विरोध दर्ज किया। मजदूरों ने कंपनी पर एक वर्ष से शोषण करने का आरोप भी लगाया। अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य महामंत्री गंगाधर नौटियाल ने कहा कि मजदूरों के हक के लिए इस संघर्ष को निष्कर्ष तक पहुंचाया जाएगा।

### दून एनिमल वेलफेयर ने जरूरतमंदो संग मनाया नए साल

**संवाददाता** देहरादून। शुक्रवार को जब पूरे देश के लोग साल 2022 के स्वागत के लिए नए लिबास और नए अन्दाज मे स्वागत करने के लिए हजारो रूपए खर्च कर जश्न में डूबे हुए थे तभी देहरादून के कुछ लोग ऐसे भी अपने घरो से निकल कर बाहर आए जिन लोगो ने 31 दिसम्बर को सड़क के किनारे और झोपड़ पटटी मे रात गुजारने वाले लगभग 800 जरुरतमंदो को गर्म कपड़े पहना कर और उन्हे ठन्ड से बचाने के लिए कम्बल उढ़ा कर उन्हें नए साल की मुबारकबाद दी टीम के लोगो ने जरुरतमंदो के साथ केक कट कर नए साल की खुशिया मनाई और बच्चो के संग केक खाया। दून एनिमल वेलफेयर की टीम ने जरुरतमंदो को नए साल की खुशी मे मिठाई भी बाटी।

### जीसान और अंजलि हेस प्रोडक्शन बने मिस्टर एंड मिस

**संवाददाता** देहरादून। हेस प्रोडक्शन की ओर से मिस्टर एंड मिस आईकोनिक सीजन 2 आयोजित किया जा रहा हे। जिसका फिनाले होटल लॉर्ड मे किया जा रहा है। जिसके निर्माता समीर मलिक, आनंद कुमार, दानिश ,मूर्सलीन राज है प्रेदेशभर से आय 40 युवाओ ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया समीर मलिक का मुख्य उद्देस्य उत्तराखंड की संस्कृति ओर उत्तराखंड के युवाओं को संस्कृति की ओर प्रेरित करना है संस्कृति को लेकर ही समीर मालिक पिछले 3 वर्षों से मिस्टर एंड मिस देहरादून आईकोनिक का आयोजन करते आ रहे है जिसका मुख्य उद्देस्य युवाओं को अपनी संस्कृति की ओर प्रेरित करना तथा रोजगार की ओर भी आकर्षित करना है। शो के गेस्ट ओफ ऑनर हर्ष अरोड़ा रहे।

## आपसी तालमेल से सीमा की सुरक्षा करेंगी भारत–नेपाल की एजेंसियां

**संवाददाता** बनबसा चम्पावत। भारत–नेपाल सीमा समन्वय समिति की बैठक में सीमा क्षेत्र की गतिविधियों पर चर्चा की गई। जनपद चम्पावत एवं ऊधमसिंह नगर के सीमावर्ती इलाकों तथा नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करी रोकने के लिए आपसी समन्वय बनाने पर जोर दिया।

शुक्रवार को एनएचपीसी सभागार बनबसा में जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में हुई बैठक में दोनों देशों की सीमा पर स्थित सुरक्षा एजेंसियों एवं स्थानीय पुलिस तथा प्रशासन के मध्य आपसी तालमेल बनाने के तौर तरीकों पर चर्चा की गई। दोनों देशों के बीच आवागमन करने वाले नागरिकों से कोविड–19 के नियमों का पालन कराए जाने, एक दूसरे देश में प्रवेश करने वाले नागरिकों का पहचान पत्र अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया। दोनों देशों की सीमा पर सघन चौकिंग पेट्रोलिंग एवं सूचनाओं का आदन प्रदान करने पर भी सहमति बनी। दोनों देशों में अभियोगों में वांछित लोगों की गिरफ्तारी में सुरक्षा एजेंसियों के आपसी सहयोग, जाली नोटों की तस्करी की रोकथाम में सहयोग, अवैध आवागमन और मादक पदार्थों, मानव तस्करी तथा वन्य जीव की तस्करी की रोकथाम आपसी तालमेल से करने का निर्णय लिया गया।

डीएम विनीत तोमर एवं ऊधमसिंह नगर के डीएम युगल किशोर पंत ने नेपाल के अधिकारियों को बताया कि निकट समय में उत्तराखंड में विधान सभा चुनाव प्रस्तावित हैं। इस अवधि में किसी भी तरह की आवाजाही नहीं होगी।



### कंबल वितरण कर मनाया प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया का जन्मदिन

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र सिंह आनन्द ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया का जन्मदिन कंबल वितरण कर बहुत सुंदर संदेश देते हुए मनाया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद इतनी कड़ाके की ठंड में सड़क पर सोने को मजबूर है, उनको कंबल वितरण कर जन्मदिन मनाने के साथ एक सामाजिक संदेश भी जाता है। क्योंकि केक इत्यादि काट कर हम पाश्चत्य संस्कृति को बढ़ावा देते है जबकि जो सड़को पर है वो भी हमारे भाई है और जरूरतमंदों को यदि हम इस प्रकार से प्रात्साहित करेंगे तो एक बहुत अच्छा संदेश भारतीय संस्कृति का जाएगा। उन्होंने कहा कि देश मे आज हजारो लोग है जो खुले आसमान में सोने को मजबूर है तो अच्छा होगा यदि लोग ऐसे जन्मदिन मनाएंगे।

## औली पहुंचे पर्यटक, जमकर उठाया बर्फ में स्कीइंग का लुत्फ

**संवाददाता** औली। थर्टी फर्स्ट और नए साल के जश्न के लिए औली में पर्यटकों का हुजूम उमड़ पड़ा। दिनभर पर्यटकों ने औली की ढलानों पर बर्फ में स्कीइंग का लुत्फ उठाया और प्रकृति के नजारों का आनंद लिया। औली में वाहन पार्किंग न होने से पर्यटकों के वाहनों से औली रोड पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। औली में जीएमवीएन (गढ़वाल मंडल विकास निगम) के साथ ही निजी होटल और हट्स में फुल बुकिंग चल रही है। कई पर्यटकों को औली में ठहरने की जगह न मिलने पर वे देर शाम को जोशीमठ के होटल व होमस्टे में पहुंचे।

कई पर्यटक दल बर्फ का मजा



लेने के लिए औली से दूर गोरसों बुग्याल भी पहुंचे। उन्होंने दिनभर वहां बर्फ का मजा लिया। चारों ओर से हिमाच्छादित चोटियों के बीच बसे खूबसूरत पर्यटक स्थल औली पर्यटकों की पहली पसंद रही है।

औली में बीते दिनों हुई बर्फबारी से यहां की खूबसूरती में और भी निखार आ गया है। कई पर्यटक पिछले चार दिनों से औली में जमे हुए हैं, जबकि शुक्रवार को थर्टी फर्स्ट के जश्न के लिए भी कई पर्यटक औली पहुंचे हैं। पर्यटक अपने वाहनों से और रोपवे से औली पहुंच रहे हैं। वाहनों से पहुंच रहे पर्यटकों को जगह–जगह जाम का सामना करना पड़ा। आईटीबीपी कैंप सुनील और कवांण बैंड से औली तक जगह–जगह दिनभर वाहनों की आवाजाही से जाम की स्थिति बनी रही। जिससे पर्यटकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

औली में जीएमवीएन के समीप सड़क पर वाहनों के जाम से करीब एक घंटे तक पर्यटकों ने अपने वाहनों में ही जाम खुलने का इंतजार किया। बाद में वाहनों की सड़क किनारे पार्किंग की गई, तब जाकर जाम खुला। जोशीमठ–औली रोपवे और चेयर लिफ्ट में बैठने के लिए दिनभर पर्यटकों की भीड़ लगी रही।

### न्यू ईयर का जश्न मनाने नैनीताल पहुंचे पर्यटक

**संवाददाता** नैनीताल। उत्तराखंड के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नैनीताल में पुराने साल की विदाई व नए साल के स्वागत के साथ जश्न मनाने को पर्यटकों का हुजूम उमड़ पड़ा है। इसमें खुशनुमा मौसम भी साथ दे रहा है। नए साल के दो दिन पहले से ही बर्फबारी ने मजा दोगुना कर दिया है। दोपहर में ही पार्किंग फुल होने के बाद पुलिस ने रूसी बाईपास व नारायण नगर में पर्यटकों के वाहन रोक दिए। इस दौरान पर्यटकों की पुलिस से कई बार बहस भी हुई मगर पुलिस ने उनके अनुरोध को अनसुना करते हुए शटल सेवा से ही नैनीताल के लिए रवाना किया। भीड़ की वजह से होटल गेस्ट हाऊस संचालकों ने कमरों का किराया बढ़ा दिया है। टूरिस्ट गाइडों के बीच कमरा लगाने को होड़ मची है। यहां सुबह से ही पर्यटक वाहनों का आना शुरू हो गया था। भवाली, कालाढूंगी व हल्द्वानी रोड से लगातार पर्यटक वाहन आ रहे हैं। पुलिस की ओर से होटलों की बुकिंग व पार्किंग की उपलब्धता परखने के बाद ही वाहनों को भेजा गया।